तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



6 हॉकी प्रतियोगिता में बारगांव के खिलाड़ी ने जीता कांस्य..





4 उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली..




## खबर संक्षेप

### लोगों को चाकू दिखाकर किया भयभीत, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** आम लोगों को चाकू दिखाकर भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में पुलिस को 16 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुआ कि विकास यदु निवासी चौखड़ियापारा राजनांदगांव का गौरवपथ रोड में अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले आम नागरिकों को डरा-धमका रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया तथा उपरोक्त टीम द्वारा आरोपी विकास यदु के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक जीवराज रावटे, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार की भूमिका रही।

### दो पहिया वाहन में ले जा रहे थे अवैध रूप से शराब, 2 गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को पुलिस पेट्रोलिंग जुर्म जरायाम पतासाजी करते ग्राम मुरमुंदा के तरफ से डोंगरगढ़ की ओर आ रहे थे, तभी एक मोटर साइकिल में दो लोग मेढा की तरफ से तेज गति से डोंगरगढ़ की तरफ जा रहे थे। पुलिस की गाड़ी को देखकर अपनी मोटर साइकिल की गति को और बढ़ाने लगे, जिस पर वाहन को रोकने हेतु सायरन देते रोकवाने की कोशिश किया गया।

### 33.5 डिग्री पहुंचा पारा नांदगांव सबसे गर्म

**राजनांदगांव।** मानसून की विदाई के साथ ही तापमान में इजाफा होने का दौर शुरू हो गया है। अंचल का तापमान पिछले कुछ दिनों से लगातार चढ़ते हुए अब 33.5 डिग्री तक जा पहुंचा है। गुरुवार को राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग सवा पांच डिग्री तक अधिक बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री पर रहा, यह सामान्य से लगभग तीन डिग्री कम रहा।

# दीपावली पर्व: मिठाइयों की सघन जांच में जुटी खाद्य विभाग की टीम

## अमानक मिठाइयां किया नष्ट, फर्म संचालकों को दिए गए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली त्यौहार के मद्देनज़र जिले में मिठाइयों एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के अभियान के तहत 13 एवं 14 अक्टूबर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 134 खाद्य नमूने संकलित किए गए। इनमें जिला मुख्यालय स्थित स्वीट्स दुकानों सहित केशरवानी स्वीट्स दाढ़ी, बजरंग स्वीट्स, हरिओम जोधपुर स्वीट्स थानखम्हरिया, अग्रवाल होटल, योगराज स्वीट्स, जय मां करणी बीकानेर स्वीट्स साजा, आशीर्वाद नाश्ता सेंटर एवं गुपचुप कॉर्नर, देवांगन भोजनालय परपोड़ी, बीकानेर स्वीट्स, गुप्ता स्वीट्स, यदु स्वीट्स दुकानों में जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर किए गए परीक्षण में 8 नमूने अमानक स्तर के पाए गए, जिनमें असुरक्षित व अवमानक मिठाइयां होने के कारण उन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त सोयाबीन खाद्य तेल, बिस्किट, डालडा, खोवा, बरफी, खोवा जलेबी, चायपत्ती तथा मक्का पोहा के 08 नमूने गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा निरीक्षण के दौरान फर्म संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिनमें अखबारी कागज का उपयोग बंद करने, हैण्ड ग्लव्स एवं हेड वियर का प्रयोग करने, वेज व नॉनवेज खाद्य पदार्थों को पृथक कंटेनरों में रखने, मिठाइयों को ढंककर स्वच्छ दशा में रखने, तथा केवल एफएसएसएआई से अनुमोदित खाद्य रंगों का उपयोग करने के निर्देश शामिल हैं।



### निर्माण तिथि का ध्यान रखें

साथ ही जनसामान्य से अपील की गई है कि वे दीपावली के अवसर पर मिठाई या दुग्ध उत्पाद खरीदते समय उसकी निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अवश्य जांचे, तथा केवल स्वीकृत एवं स्वच्छ प्रतिष्ठानों से ही मिठाइयां क्रय करें। इस अभियान का उद्देश्य दीपावली पर्व के दौरान नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता पर निगरानी बनाए रखना है।

## तैयारी

### जिला प्रशासन का निर्देश, टीन शेड की बनी हों दुकानें

# पटाखा दुकानों का नियम सिर्फ कागज पर तीन मीटर की दूरी का नहीं हो रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



दीपावली त्योहार के पहले स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए गाईड लाइन जारी की गई है। इसके तहत प्रत्येक पटाखा दुकान के बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर रखनी होगी यानी एक पटाखा दुकान से दूसरी दुकान की दूरी 3 मीटर होनी चाहिए, लेकिन इसका पालन नहीं होता है। शहर के कृषि उपज मंडी परिसर में प्रशासन द्वारा आवंटित किए जाने वाले पटाखा दुकान की दूरी तीन मीटर नहीं होती।

सभी दुकान एक दूसरे से चिपकी हुई रहती है, जो नियम अनुसार गलत है। जिसकी हर वर्ष प्रशासन द्वारा अनदेखी की जाती है। पटाखा दुकानों की अग्निसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई नियम बनाए गए हैं। जिसमें पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए, पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर और एक-दूसरे के सामने न बनाई जाएं, किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए, दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो, प्रत्येक पटाखा दुकान में पर्याप्त मात्रा में 5 किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए, दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 500 लीटर्स क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए, पटाखा दुकानों के सामने बाइक, व कार की पार्किंग प्रतिबंधित रखने के साथ ही अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए, लेकिन ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता है।

### मंडी परिसर में लगेंगी दुकानें

प्रशासन ने फटाका दुकान के लिये लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को किया गया। फटाका दुकान मंडी मैदान में लगाया जायेगा। फटाका दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया। इस वर्ष दुकान लगाने के लिए दर्जनों आवेदन प्राप्त हुये थे, ।

### कार्रवाई का प्रावधान

पटाखा दुकानों के लिए बनाई गई नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकान संचालक के विरुद्ध छग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं अधिनियम 2018 एवं नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। हर अग्निशमन विभाग से खुलने वाली स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए यह गाईड लाइन जारी की जाती है।

# कलाम की जयंती पर विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी संकुल केंद्र बेलगांव विकासखंड साजा में महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा विभिन्न चलित एवं स्थिर मॉडल प्रस्तुत किए गए जिनमें सौर मंडल, रॉकेट, जल चक्र, घर का मॉडल आदि प्रमुख आकर्षण रहे। साथ ही विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं निबंध पाठ के माध्यम से डॉ. कलाम जी के जीवन एवं उनके विचारों को जीवंत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। शिक्षकगणों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और वे डॉ. कलाम जी के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा के भव्य स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिले के समाज प्रमुख, धार्मिक व व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों से करेंगे भेंट

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम नगर आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह और उल्लास का माहौल है। अपने गृह जिले बेमेतरा में युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके ऐतिहासिक स्वागत की भव्य तैयारियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यह उनका पहला दौरा है और इसी अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नव उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिल रहा है।



नवागढ़ में स्वागत की तैयारियां जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, प्रनीश रजक के नेतृत्व में जोर-शोर से की जा रही हैं। बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र में स्वागत का नेतृत्व परमेश्वर वर्मा और दीपक मोटवानी कर रहे हैं, वहीं साजा के मुख्य चौराहे पर आयुष शर्मा के नेतृत्व में युवाओं द्वारा जोशीले स्वागत की तैयारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा अपने दौरे के दौरान बेमेतरा में कृष्ण मंदिर में दर्शन करेंगे और जिले के प्रमुख सामाजिक, धार्मिक व व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। मार्ग में जगह-जगह भव्य तोरण द्वार, पुष्पवर्षा और लड्डुओं से तौल कर स्वागत की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर नगर और जिले में युवा जागरण– राष्ट्र निर्माण का संकल्प विषय पर संवाद का भी आयोजन किया गया है, जिसमें युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि राहुल टीकरिहा का प्रदेश अध्यक्ष बनना युवा शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। यह केवल संगठनात्मक दायित्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। उनका यह पहला गृह नगर आगमन 'राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति' के नए युग का संदेश देगा। हम सबके लिए यह गर्व और प्रेरणा का क्षण है। डॉ. निर्वाणी ने कहा बेमेतरा का बेटा प्रदेश का नेता है अब, यह पूरे जिले के लिए बेहद सम्मान का विषय है। इस ओहदे पर पहुंचने वाले बेमेतरा के इतिहास में पहले हैं। राहुल यह उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण का परिणाम है।






## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की दी गई विस्तृत जानकारी

# राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में विधानसभा स्तर पर राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के संबंध में बूथ लेवल एजेंटों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें नामावली के शुद्धिकरण कार्य में सक्रिय सहयोग के लिए तैयार करना था।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को मतदान केंद्रवार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। आयोग द्वारा आगामी महीनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की संभावना है, जिसके लिए यह प्रशिक्षण आवश्यक माना गया।

### जिले में 6 दिनों तक चला प्रशिक्षण

जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों साजा, बेमेतरा, बेरला और नवागढ़ में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की देखरेख में 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साजा में प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर ईश्वर लाल साहू द्वारा, बेमेतरा में सुनील कुमार झा द्वारा, बेरला में विकेश कुमार यादव द्वारा, तथा नवागढ़ में शीतलेश शर्मा एवं अनिल कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे निर्वाचन संबंधी संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी, निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 का परिचय, निर्वाचक नामावली की संरचना और निर्माण प्रक्रिया, बूथ लेवल एजेंट की अवधारणा, भूमिका और उत्तरदायित्व, फार्म 6, 7, 8 भरने से संबंधित दिशा-निर्देश, विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयां। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित एजेंटों से निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग के इस पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे मतदाता सूची के अद्यतन एवं सुधार कार्य में प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।


AYUSHMAN HOSPITAL
आयुष्मान
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले का एक मात्र एंडोस्कोपी & लेप्रोस्कोपी सेंटर
NEW आयुष्मान हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
जिले के एकमात्र एंडोस्कोपिक एवं लेप्रोस्कोपिक सेंटर
उपलब्ध विभाग :-
• मेडिसीन एवं हृदय रोग विभाग
• हड्डी एवं स्पाइन जोड़ रोग विभाग
• स्त्री रोग विभाग, एनस्थिसिया विभाग
• जनरल सर्जरी एवं लेप्रोस्कोपिक विभाग
• शिशु रोग विभाग
• पेथोलॉजी विभाग
• सोनोग्राफी एवं एक्स-रे
• पेट रोग
• मधुमेह रोग
• नॉन क्रिटिकल
• मूत्ररोग विशेषज्ञ
डॉ. अनिल कुमार पटेल
MBBS DNB General & Laparoscopic Surgery
जनरल लैप्रोस्कोपिक सर्जन पूर्व सीनियर कंसल्टेंट सर्जन
शंकराचार्य आयुर्विज्ञान संस्थान, भिलाई
अन्य सुविधाएं :-
• एंडोस्कोपी की सुविधा उपलब्ध
• गहन चिकित्सा विभाग (आईसीयू)
• ई.सी.जी. एवं वेन्टीलेटर की सुविधा
• अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर
• 24 घण्टे मेडिकल स्टोर
• 24 घण्टे एम्बुलेंश की सुविधा
• नार्मल एवं सीजर डिलीवरी की सुविधा
• 24 घण्टे प्रतिदिन
सोनोग्राफी की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध है
गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध है
डॉ. श्रद्धा मिश्रा
MBBS DGO
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
MBBS D ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अर्चना कश्यप
MBBS DGO
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
MBBS DA
गहन रोग विशेषज्ञ
MBBS MD
गहन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष मिश्रा
MBBS MD
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. डी. के. निराला
MBBS MD
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. लालजी
MBBS MD
गहन रोग विशेषज्ञ
MBBS DNB
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. पूना सिंह
MBBS DNB
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
MBBS DNB
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीण कुमार
कंसल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट
डॉ. एन. के. तिवारी
MBBS MD
जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. मानसिंह यादव
MD Physician
जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. शिवेन्द्र पटेल
MD Physician
जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ
MBBS MD गहन रोग विशेषज्ञ
ओरल एवं मेक्सिलोफेशियल सर्जन
(डेन्टल सर्जन)
कैंसर सर्जन
MBBS, M.S., D.N.B.
24 HOURS
पता - पुराना बस स्टैण्ड HDFC बैंक के पास रायपुर रोड बेमेतरा
मो. 99266 73469, 70005 73369, 70673 91279

## खबर संक्षेप

### 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृती दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लालपुरकला निवासी मोहित पटेल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रेखा पटेल को और ग्राम चिखली निवासी तुशाल धुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता श्री रोहित गोंड को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### स्कूली बच्चों को कराया गया नेवता भोज

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्य विद्यालय बम्हनी के शिक्षक टेकेश कुमार भट्ट द्वारा गत दिनो 200 बच्चों को चावल, दाल,खीर पूड़ी, मिक्स वेज सब्जी, टमाटर चटनी, खुद परोस कर नेवता भोज कराया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष लाला राम कौशिक, प्रधान पाठक श्रीमती प्रेमलता बिशेन, शिक्षक बीडी मोहले, श्रीमती त्रिपाठी, मोहित सिंह ठाकुर, एसके देवांगन, टीके साहू ग्राम बम्हनी के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**समस्या :** दीपावली के पूर्व नगर का बड़ा हिस्सा अंधेरे में, लोगों में भारी असंतोष

# लाखों रुपए का बिल बकाया, नपं पाण्डातराई की कटी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

वैसे बिजली का रोना इन दिनो पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के नगरीय क्षेत्रों से लेकर वनांचल ईलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली दरों और मनमाने बिजली बिल के साथ अघोषित विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज सहित छत्तीसगढ़ी राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था से त्रस्त हैं। वहीं अगर जिले के नगर पंचायत पाण्डातराई की बात की जाए तो यहां नगर के उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत पाण्डातराई प्रशासन द्वारा समय रहते बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण विद्युत विभाग ने एन दीपावली त्यौहार के पूर्व नगर की बिजली काट दी है। जिसके चलते नगर के कई सार्वजनिक हिस्सों की बिजली आपूर्ति ठप हो चुका है और अंधेरा गहराने के बाद प्रभावित ईलाकों में अंधेरा छा रहा है। बताया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई का लाखों रूपए का बिजली भुगतान बकाया है। जिसके चलते नगर के बस स्टैंड डिवाइडर के स्ट्रीट लाइट, भारत माता चौक, नव-निर्मित उप तहसील भवन सहित कई सार्वजनिक स्थलों की बिजली काट दी गई है। नगरवासियों ने बताया कि पंचायत के सभी बोरवेलों की बिजली भी काटी जा रही थी, जिससे पूरे नगर में जल संकट खड़ा हो सकता है। नगर पंचायत पाण्डातराई के जन सेवक अमन पाटस्कर ने बताया कि नगर के उपभोक्ता पहले से ही लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती, वोल्टेज के चलते घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने की गंभीर समस्या से परेशान है और अब उन्हें दीपावली के ठीक पहले नगर की बिजली काटे जाने से हो रही समस्याएं भी उठानी पड़ रही है। उन्होने बताया कि नगर पंचायत की इस घोरलापरवाही और बिजली विभाग की मनमानी से आम नागरिक त्रस्त हो चुके हैं। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि बकाया भुगतान नहीं होने पर नगर पंचायत की बिजली काटना मजबूरी थी। वहीं नागरिकों ने शासन से अपील की है कि रोशनी का पर्व अंधेरे में न बीते इसके लिए त्वरित समाधान निकाला जाए।



### चार महीने भी नहीं टिक पाई स्ट्रीट लाइट



यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर पंचायत पाण्डातराई से होकर गुजरने वाले पोड़ी-बिलासपुर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान यहां लाखों रूपए खर्च कर बकायदा स्ट्रीट लाईट लगाई गई थी। लेकिन बमुस्किल करीब चार पूर्व लगाई गई यह स्ट्रीट लाईट अब दम तोड़ चुकी है। नगरवासियों ने बताया कि मार्ग के डिवाईडर में स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए गाड़े गए पोल क्षतिग्रस्त होकर झुक चुके हैं वहीं कई पोलों में लगी स्ट्रीट लाईट हवा में झूल रही है। जो कभी भी किसी बड़े खतरे को न्यौता दे सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में नगर पंचायत पाण्डातराई को उप तहसील घोषित किया गया है लेकिन लोगों का कहना है कि सिर्फ उप तहसील का दफ्तर खोल देने भर से कोई नगर उप तहसील नहीं बन जाता है वहां की व्यवस्थाएं भी बेहतर होनी चाहिए। जिसकी तरफ शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली पर मिला बड़ा तोहफा




- भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के गन्ना उत्पादक किसानों को 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों एवं किसान हितैषी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को दीपावली पर्व के अवसर पर बड़ा आर्थिक लाभ प्रदान किया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा पिछले पेराई सत्र में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को शासन की ओर से 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान किया गया है। यह बोनस भुगतान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष पहल एवं प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध भुगतान और बोनस वितरण सुनिश्चित किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदे गए गन्ने का 115.44 करोड़ रुपये का संपूर्ण भुगतान कर प्रदेश की सभी शुगर मिलों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि कारखाने की पारदर्शी कार्यप्रणाली, कुशल प्रबंधन एवं सहकारिता की सुदृढ़ भावना का परिचायक है। दीपावली से पूर्व किसानों को बोनस भुगतान प्राप्त होने से पूरे जिले के कृषक समुदाय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। बोनस राशि के भुगतान न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि किसानों का विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

# ओबीसी महासभा ने जिले में बालिका छात्रावास की रखी मांग

## जिले में एक भी ओबीसी बालिका छात्रावास संचालित नहीं है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ओबीसी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में ओबीसी वर्ग के विकास एवं संवर्धन के लिए कार्य किए जा रहे है। ओबीसी महासभा के द्वारा समय-समय पर जिलाधीश व शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया जाता है ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। इसी कड़ी में गत दिनो छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद के कवर्धा प्रवास पर ओबीसी महासभा कबीरधाम के आनंद साहू, अजय चंद्राकर प्रदेश सचिव, कौशल साहू संभाग उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष बालाराम साहू, उपाध्यक्ष जीवन कौशिक, पुर्णिमा चंद्राकर (जिलाध्यक्ष महिला) हरिश साहू, भुवनेश्वर गढेवाल महामंत्री, कैलाश कौशिक सहित पदाधिकारियो ने सौजन्य मुलाकात की तथा ओबीसी महासभा के द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यो की जानकारी से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, चंद्रकांति वर्मा उपाध्यक्ष को अवगत कराया साथ ही जिले में कन्याओं के लिए बालिका छात्रावास की मांग रखी। महासभा पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में अन्य पिछड़ा वर्ग कन्याओं के लिए एक भी छात्रावास संचालित नहीं है। जिस पर आयोग अध्यक्ष ने बताया कि अन्य राज्यों की वर्तमान में लागू आरक्षण की तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात छत्तीसगढ में भी आरक्षण के लिए शासन के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी। ताकि छत्तीसगढ में भी अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ मिले। उन्होंने ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों से मिलकर हर्ष व्याप्त किया।

# हिंदू आस्था पर बयान की निंदा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कांग्रेस के कामू बैगा को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



बीते दिनों जिला मुख्यालय कवर्धा में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला गोड़वाना पार्टी एवं भीम आर्मी द्वारा संयुक्त रूप से किए गए जिला कार्यालय घेराव एवं पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान दिए गए एक बयान ने अब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे कामू बैगा द्वारा इस दौरान दिए गए विवादित बयान की जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने तीखी आलोचना करते हुए करारा जवाब दिया है। श्री चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस नेता कामू बैगा का यह कहना कि पंडरिया के प्राचीन शिव मंदिर कामठी के बाद डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर महामाया मंदिर और कवर्धा के भोरमदेव मंदिर पर कब्जा किया जाएगा, जो अत्यंत निंदनीय और समाज को भड़काने वाला है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की आस्था के प्रतीक स्थलों को लेकर इस प्रकार की भाषा किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कही जा सकती। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग असुर महिषासुर को अपना वंशज मानते हैं, उसकी पूजा करते हैं, रावण की शोभायात्रा निकालते हैं और विजयादशमी पर रावण वध का विरोध करते हैं, वही अब हिंदुओं के आराध्य स्थलों पर कब्जे की बात कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि भारत भूमि चाहे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित हो या नहीं, यह देश सनातन परंपराओं पर आधारित है और सदैव हिंदू राष्ट्र रहेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता के बयान को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि इस तरह के वक्तव्य सामाजिक सौहार्द को तोड़ने वाले हैं और कांग्रेस को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ये लोग केवल सनातनियों के आस्था केन्द्रों को ही क्यों निशाना बना रहे हैं? क्या उन्होंने कभी किसी मस्जिद या चर्च पर दावा किया है? श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि हिंदू समाज शांतिप्रिय है, लेकिन उसकी सहनशीलता को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से समाज में विभाजन और अविश्वास का वातावरण बनता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस बयान के बाद से जिले की राजनीति में हलचल मच गई है और विभिन्न संगठनों ने भी कांग्रेस नेता के बयान की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### कांग्रेस के चरित्र हमेशा से हिंदू विरोधी रहा है

जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं पर हिन्दू विरोधी होने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बात चाहे फिरोज खान के नाती कहे जाने वाले राहुल गांधी की हो या जेएनयू के कन्हैया कुमार की बात हो या फिर कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे कामू बैगा का विचार हो, सब में एक बात की समानता है ये सब हिंदू धर्म का विरोध करते हैं। ऐसे में कांग्रेस आला कमान को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ये उनके नेताओं के व्यक्तिगत बयान है या फिर कांग्रेस पार्टी की नीति रीति है का हिस्सा है।

### सांसद संतोष पांडेय बिहार में कर रहे चुनाव-प्रचार



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय पार्टी हाई कमान के निर्देश पर बिहार विधानसभा चुनाव में मोर्चा संभाले हुए हैं। सांसद श्री पांडेय को बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। सांसद संतोष पांडेय द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में धुंआ-धार चुनाव प्रचार किया जा रहा है। वे लगातार छोटी-बड़ी बैठक व सभाएं ले रहे हैं। भाजपा व एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। सांसद श्री पांडेय ने मोतिहारी जिले के नारायणपुर, केसरिया विधानसभा अंतर्गत केसरिया मंडल, पीपरा विधानसभा अंतर्गत चकिया मंडल, गोविंदगंज विधानसभा अंतर्गत संग्रामपुर मंडल सहित अन्य स्थानों में बैठक व जनसंपर्क किया। उन्होने बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत कैथवलिया गांव के पास निर्माणाधीन विश्व के सबसे बड़े व भव्य विराट रामायण मंदिर को आकार लेते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि यह दिव्य-भव्य-रम्य मंदिर न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि विश्व पटल पर रामायण के अमर काव्य को और भी भव्य रूप प्रदान करेगा। यह मंदिर मात्र एक भवन नहीं, अपितु भगवान श्रीराम के जीवन-लीला का जीवंत प्रतिबिंब है, जो आस्था, वास्तुकला और भक्ति का अनुपम संगम बनेगा। विराट रामायण मंदिर एक त्रिस्तरीय संरचना है, जो 3.76 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में विस्तृत है। इसकी लंबाई 1080 फुट, चौड़ाई 540 फुट और मुख्य शिखर की ऊंचाई 270 फुट है। मंदिर परिसर में कुल 12 शिखर होंगे। यहां विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग 33 फुट ऊंचा, 33 फुट चौड़ा और 210 मीट्रिक टन वजनी सहस्रलिंगम सहित यह शिवलिंग भक्तों के लिए आध्यात्मिक आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# जिले में तीन दिवसीय होगा राज्योत्सव का आयोजन, तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को मनाया जाएगा। कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैदान में आगामी 02 नवम्बर से 04 नवंबर 2025 तक तीन दिवसीय राज्योत्सव मेला का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा संचालित होने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के विकासमूलक प्रदर्शनी व सह स्टॉल लगाएं जाएंगें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आयोजन की सफल क्रियान्वयन और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि राज्योत्सव स्थल पर आने वाले सभी नागरिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी देंगे साथ ही योजनाओं के लाभ के लिए हितग्राहियों को कहा और कैसे आवेदन करने होंगे, इसकी भी जानकारी देने होंगें,ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। कलेक्टर ने कवर्धा में आयोजित राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव-2025 का तीन दिवसीय आयोजन के लिए अपर कलेक्टर विनय पोयाम को नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही एसडीएम चेतन साहू को को मेला स्थल का प्रभारी बनाया गया है। कलेक्टर ने राज्योत्सव मेला के आयोजन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व भी सौपे है। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यक्रम स्थल पर मंच व बैरिकेट्स निर्माण, बैठक व्यवस्था, पंडाल व सजावटी गेट की व्यवस्था स्टॉल निर्माण, आबंटन एवं अन्य व्यवस्था के लिए वनमण्डलाधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कवर्धा. सफाई, फायरब्रिगेड के लिए कवर्धा नगर पालिका, मंच, आवास, सत्कार व्यवस्था के लिए वन विभाग, एसडीएम कवर्धा, लोक निर्माण विभाग, आबकारी विभाग, पीएम सड़क, खनिज विभाग, सीएमओ कवर्धा और तहसीलदार कवर्धा के सौपा गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, कवर्धा नगर पालिका सहित अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं।

# बोड़ला की दो खिलाड़ी हॉकी टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत हॉकी टीम में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से आरती निषाद कक्षा 9 वीं, रितिक दिवाकर कक्षा 9 वीं का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर किया गया है। दोनो ही खिलाड़ी कोरबा में अपने खेल का प्रदर्शन कर अपने स्कूल और बोड़ला नगर का नाम रौशन कर रही है यहां बताना लाजिमी होगा कि साभी खेलो में बोड़ला की बेटियां आगे है। इससे पूर्व हांकी प्रतियोगिता राजनादगांव में यशोदा और दुर्गा ने गोल्ड मेडल जीता फिर रायपुर में ब्रॉन्ज मेडल जीता ये सभी बच्चे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से है। इन्हें प्रशिक्षण देने वाला बृजेश चंद्रवंशी एवं हिमांशु चंद्रवंशी है जो अपने निरंतर सुबह-शाम इन बच्चों को अभ्यास करते हैं।

**बिरगांव में 12 से 16 अक्टूबर तक राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा आयोजित**

# राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में जिले के 12 स्काउट व 34 गाइड शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा रायपुर जिला मे स्काउट विंग का राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी (अभनपुर) एवं गाइड विंग का पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिरगांव में 12 से 16 अक्टूबर 2025 तक राज्य पुरस्कार (राज्यपाल अवार्ड) जांच परीक्षा संपन्न हुआ। इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में दुर्ग संभाग के समस्त जिलों के 161 स्काउट एवं 197 गाइड शामिल हुए। राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा जाँच स्काउट विभाग के शिविर संचालक गोपाल राम वर्मा (एलटी), सहायक शिविर संचालक सुजीत कुमार गुप्ता (एलटी) कबीरधाम, मुख्य परीक्षक केआर कश्यप (एलटी) एवं गाइड विभाग के शिविर संचालक श्रीमती धनमत महंत (एलटी), मुख्य परीक्षक श्रीमती तनूजा बंजारे (एलटी) के नेतृत्व मे संपन्न हुआ। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले से स्काउट विभाग एचडब्लूबी स्काउट मास्टर ईशाक मोहम्मद खान एवं गाइड विभाग बेसिक गाइड कैप्टिन चित्ररेखा झरिया के नेतृत्व में स्काउट-गाइड इस परीक्षा में शामिल हुये। पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में दल में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार (राज्यपाल प्रमाण-पत्र) पाठ्यक्रम तक लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किया गया था। इस राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफल होने वाले समस्त स्काउट-गाइड को महामहिम राज्यपाल के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्सी, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, पवन देवांगन, पियूष ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड संजू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठीले, रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू सहित कबीरधाम जिले के संस्था प्रमुखों एवं स्काउटर-गाइडर ने राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# स्वच्छ संकल्प अभियान 19 नवम्बर तक

**कवर्धा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में स्वच्छ संकल्प अभियान का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से 19 नवम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इस अवधि में जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं ग्राम स्तर पर विविध जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को बढ़ाना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच बढ़ाना, व्यक्तिगत शौचालयों एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के निर्माण एवं सुधार को गति प्रदान करना है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि अभियान अवधि के दौरान जिन ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार हैं, उनका चिन्हांकन कर स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही टूटे-फूटे या अनुपयोगी शौचालयों की मरम्मत, सामुदायिक शौचालयों का संचालन सुनिश्चित करना तथा संबंधित संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. किया जाएगा।




माता भद्रकाली की पावन धरा बेमेतरा में
भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष
भाई राहुल टिकरिहा
के प्रथम आगमन पर
स्वागत..वंदन..
अभिनंदन...
:: स्वागत कार्यक्रम ::
दिनांक-17.10.2025,शुक्रवार
स्थान- पुराना बस स्टैण्ड,समय- दोपहर 2 बजे से...
परमेश्वर वर्मा
जिलाध्यक्ष-युवा मोर्चा बेमेतरा
विनीत- रामा ऑप्टिकल्स, रेस्ट हाउस रोड़, बेमेतरा


जिलावासियों को धनतेरस,
लक्ष्मीपूजा, दीपावली एवं भाईदूज की
अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं...
बालाजी
स्केल कांटावाला
निर्माता, विक्रेता
एवं सुधारक
REC
BLACK SANSUI
GSTIN : 22AVCPR0760M1ZJ
दीपावली
स्पेशल
ऑफर
100 कि.ग्रा. तराजू
मात्र 5000/- रू.में
2 साल की वारंटी के साथ
भोला राजपूत
प्रोप्राईटर
REC. MFG By Balaji Scale
Mob.: 8120577444, 9754165995
पताः नयापारा नवीन स्कूल के सामने, गौरव पथ रोड, वार्ड नं. 17, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात

**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव सर्किट हाउस में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने अन्य नेताओं के साथ मुलाकात की।

### नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगलवार को लक्षणाटोला में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की सौगात दी। इस अवसर पर नारी सम्मान कार्यक्रम के साथ गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों के अन्नप्राशन कराया गया। इस मौके पर विधायक बघेल ने कहा कि यह केंद्र माताओं और बच्चों के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### भोलापुर में शराबबंदी

**कुमर्दा।** ग्राम भोलापुर में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों की बैठक आयोजित कर गांव में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में शराब बेचने वाले व्यक्ति से 35 हजार, गांव के बाहर के शराब खरीदने वाले से 25 हजार जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया। इसी प्रकार शराब पीकर गाली-गलौज या झगड़ा करता पाए जाने पर 11 हजार, सार्वजनिक स्थानों या गांव के भीतर शराब पीते पाए जाने पर 11 हजार का अर्थदंड तय किया गया है। जानकारी के अनुसार शराब बेचने या पीने की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 5 हजार को पुरस्कार दिया जाएगा। इसी के साथ ग्राम विकास समिति ने ऑनलाइन गेम्स जैसे फ्री फायर, पबजी आदि पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है। ऐसे गेम खेलते पकड़े जाने पर 10 हजार अर्थदंड और जानकारी देने वाले को 5 हजार का पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। ग्रामवासियों ने बताया कि आस-पास के गांवों में हो रही शराबबंदी से प्रेरणा लेकर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज के उत्थान के लिए है ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे और बुरी आदतों से दूर रखा जा सके।

### शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल प्रांगण भैंसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, पुलिस विभाग, स्वास्थ विभाग के अमला सहित सरपंच उतरा उईके, टामेश्वरी उईके, कांति उईके शामिल हुए। बच्चों ने ड्राइंग एवं रंगोली बनाया जिसके विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों के हिमोग्लोबिन की जांच किया। पुलिस विभाग ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताया। कार्यक्रम में मोनिका सुकतेल, अखिल अम्बादे, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, अर्पणा बोरकर, जया साहू, सूरज, राजेंद्र श्रीवास्तव, सुलोचना कंवर, पिंकी तिवारी, रानी साहू, लीना साहू, राजेश राजेकर, पोषण लिल्हारे, पुष्पा निर्मलकर, सुलोचना वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।




स्पर्धा

# हॉकी प्रतियोगिता में बारगांव के खिलाड़ी ने जीता कांस्य पदक

**कोरबा में हुआ आयोजन, 5 संभाग की टीमों ने लिया हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025–26 के तहत आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 अक्टूबर तक कोरबा में आयोजित किया गया, जिसमें बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के अंतर्गत खेल गांव बारगांव से 8 खिलाड़ियों ने दुर्ग संभाग की टीम से हिस्सा लिया, जिसमें 4 बालक एवं 4 बालिका शामिल थी।

बालक वर्ग में बारगांव के खिलाड़ियों ने दुर्ग संभाग टीम की ओर से खेलते हुए खेल भावना का परिचय देते हुए टीमवर्क और फिटनेस का बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने कलात्मक, रचनात्मक और उम्दा कौशल, उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग संभाग को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर जीत दिलाकर कांस्य पदक कब्जा कर अपने नाम किया जिसमें चिंता राम पटेल ने पूरे टूनामेंट में अपने दमदार खेल प्रदर्शन से सुर्खिया बटोरी अपने उत्कृष्ट खेल का परिचय देते हुए सरगुजा के खिलाफ 01 गोल, रायपुर के खिलाफ 02 गोल एवं बस्तर के विरुद्ध 01 गोल कर हॉकी खेल में दुर्ग संभाग टीम को कांस्य पदक जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही बारगांव के सभी खिलाड़ी करण लाल,ओमकार निषाद,कुलदीप कुमार ने भी अच्छा प्रदर्शन किया एवं बालिका वर्ग में लोकेश्वरी साहू,ममता पाल,कावेरी साहू,खुशी कुर्रे ने भी अपने खेल से काफी सुर्खिया बटोरी इस अवसर पर विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू ने खिलाड़ियों की बड़ी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह एक स्वर्णिम क्षण है, विद्यालय को हॉकी खेल में 04 कांस्य पदक प्राप्त हुआ,विद्यालय के 8 बालक एवं बालिकाओं ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग टीम से हिस्सा लिया जिसमें बालक वर्ग में दुर्ग संभाग की टीम से खेलते हुए खिलाड़ियों ने अपने चिर परिचित खेल का परिचय देते हुए बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक पर कब्जा किया प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र खिलाड़ी चिंता राम पटेल ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर पूरे टूनामेंट में 04 गोल कर अच्छा प्रदर्शन कर दर्शकों व निर्णायकों को अपने तरफ आकर्षित करते हुए सराहना प्राप्त किया और एक होनहार खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आया,साथ ही विद्यालय के अन्य खिलाड़ियों ने भी अपने अपने का उम्दा प्रदर्शन कर सुर्खिया बटोरी, खिलाड़ियों ने टीम वर्क,अनुशासन का बढ़िया उदाहरण प्रस्तुत किया, हॉकी खेल ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का एक बड़ा मंच बन रहा है,यह उबलब्धि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को हॉकी खेल सहित अन्य खेलो के प्रति आकर्षित और प्रेरित करेगी।



# सांसद खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया उत्साह



**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम खैरझिटी कला में सांसद खेल महोत्सव प्राथमिक शाला मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में सरपंच पीतांबर पटेल ,उपसरपंच मनोज पटेल, प्राचार्य रामस्नेही वर्मा ने दीप प्रज्वलित किया और सभी बच्चों तथा शिक्षकों के एक स्वर में राजकीय गीत पश्चात खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया, स्वागत भाषण में प्राचार्य वर्मा द्वारा खेल के महत्व पर प्रकाश डाला लाभ और सभी प्रतिभागी की शुभकामनाएं दी।

खेल के उदघाटन गोला फेक के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें सरपंच उपसरपंच तथा उपस्थित गणमान्य नागरिकों के भाग लिया। इसके निर्णायक एनके साहू,और डीसी साहू सर थे इस पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन डीके श्रीवास सर के द्वारा किया गया। इसके पश्चात सभी माध्यमिक विभाग के प्रतिभागी छात्र व छात्राओं ने संबंधित खो-खो, कबड्डी, सुरीली कुर्सी तथा दौड़ फुगड़ी के प्रतिभागी छात्र, छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाया। विजेता प्रतिभागियों को सरपंच के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में उपस्थित शिक्षक और ग्रामवासियों में से प्राचार्य आर. एस.वर्मा, केएल साहू, बी.के. शर्मा, एसके रावत, एडी ताम्रकार संकुल समन्वयक, एमएन नेताम, एनआर साहू, एस. बी.साहू, भूषण साहू,आरके वैष्णव, डीसी साहू डीके श्रीवास, एडी. मार्कण्डेय,डकवर पटेल आदि शिक्षक तथाग्रामवासियों में पीतांबर पटेल सरपंच, मनोज पटेल उपसरपंच, पुनाराम पटेल पंच, खेलन राजपूत, साहिल पटेल, दुर्गेश पटेल रामेश्वर राजपूत अवध यादव मनोज पटेल आदि ग्रामवासियों तथा बच्चों की उपस्थिति रही।

# छात्रों ने दी राउत नाचा और सुवा नृत्य की प्रस्तुति



**बेरला।** पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव के बच्चों ने ट्यूनिंग आफ स्कूल के तहत छत्तीसगढ़ के धरोहर एवं दीपावली के अवसर पर प्रमुख रूप से मनाए जाने वाली राउत नाचा और सुवा नृत्य का आनंद लिया। सुवा नृत्य में लगभग 100 बच्चियों ने आकर्षक परिधान के साथ और लड़कों ने राउत नाचा के साथ गांव भ्रमण करते हुए प्राथमिक शाला मटिया, सरस्वती शिशु मंदिर मटिया एवं प्राथमिक शाला कोसपातर में जाकर नृत्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्राम के प्रमुख दुकान के सामने भी बच्चों ने प्रदर्शन किया। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ की इस परंपरा को जीवित रखने के लिए बच्चों के साथ शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी। भ्रमण के दौरान पालकों के द्वारा बच्चों के परिधान को देखकर और उनके द्वारा की जा रही प्रदर्शन को देखकर बहुत सराहना किया। समय के साथ-साथ आजकल सुवा नृत्य एवं राउत नाचा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। स्कूली बच्चों ने जिस तरह से स्वयं बाजा बजाते हुए राउत नाचा का निर्भीक होकर प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ था। इस तरह के कार्यक्रम में बच्चे खुलकर सामने आते हैं उनका डर खत्म होता है। इस कार्यक्रम में शिक्षक रामायण ध्रुव, सुरेंद्र पटेल, चंद्र प्रकाश साहू, सुदर्शन साहू, गंगाधर दुबे, संतोष गेंद्रे, शारदा यादव, सृष्टि तिवारी, हेम सिंह साहू का विशेष योगदान रहा।

### सुवा नृत्य आज भी है गांव में प्रचलित

छत्तीसगढ़ में परंपरागत तौर पर कई सारे लोक नृत्य आज भी प्रचलित हैं, जिसमें से एक सुआ नृत्य है। इस नृत्य में महिलाओं और युवतियों की टोली एक बांस के बने टोकरी में धान रख कर उसमें मिट्टी का बना तोता रखती हैं। इस बांस की टोकरी को लेकर युवतियां और महिलाओं की टोलियां घूम-घूम कर सुआ नृत्य करती हैं। इस नीति को करने महिलाओं द्वारा स्वयं ही ताली बजाकर सुआ गीत गया जाता है।

# दीपावली पर छात्रों को कपड़े और मिठाइयां भेंट



**थानखम्हरिया।** नगर पंचायत थानखम्हरिया के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा में दीपावली पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरिता अनमोल जैन द्वारा मानवीय पहल करते हुए विद्यालय के 92 विद्यार्थियों को नए कपड़े और मिठाइयां उपहार स्वरूप भेंट किया गया। बच्चों ने भी उपहार पाकर हर्षोल्लास के साथ अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान सरिता अनमोल जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई से ही उज्जवल भविष्य की राह बनती है और हर बच्चे को ईमानदारी व लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष घसिया निषाद, प्रधान पाठक लक्ष्मी ठाकुर एवं शिक्षिका सावित्री केशरवानी, भारती साहू, शिक्षक ओमप्रकाश मृचंडे भी उपस्थित रहे। सभी ने सरिता के इस कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# उद्यानिकी कॉलेज में केला की उन्नत खेती पर हुआ कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. रवि आर सक्सेना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साजा में 16 अक्टूबर को केले की उन्नत खेती विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकी पद्धतियों के माध्यम से केले की खेती में अधिक उत्पादन और गुणवत्ता प्राप्त करने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 30 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को केले की उन्नत किस्में, ऊतक संवर्धन आधारित पौध उत्पादन, सिंचाई एवं पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, तथा कटाई-पश्चात प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को व्यावहारिक जानकारी तथा तकनीकी प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के समापन सत्र में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें केले की खेती के नए वैज्ञानिक तरीकों की समझ मिली है, जिससे भविष्य में उत्पादन एवं आय में वृद्धि संभव होगी। किसानों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता भी व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन उद्यानिकी महाविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को केले की उन्नत किस्म का पौधा भी वितरण किए गए। कार्यक्रम में उद्यानिकी महाविद्यालय, साजा के अधिष्ठाता श्री शुशील कुमार कश्यप एवं डॉ.पूर्णेंद्र कुमार साहू, डॉ. भेखराम चंद्रवंशी, पुष्पांजलि पंकज, डॉ. ओमप्रकाश राजवाड़े, डॉ. स्मृति ध्रुव, डॉ. शलाखा जॉन, डॉ. नरेश कुमार तथा दिलीप मसीह की विशेष उपस्थिति रही।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डसरा में लगा कुष्ठ विकृति सुधार शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सेल्फ केयर किट और एमसीआर चप्पल का नि :शुल्क वितरण हुआ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खण्डसरा में कुष्ठ पीड़ित लोगों के लिए कुष्ठ विकृति सुधार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के निर्देशानुसार, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े के मार्गदर्शन में और बीपीएम पंकज आड़ील के नेतृत्व में 16 अक्टूबर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के उन लोगों ने भाग लिया, जिनमें कुष्ठ के लक्षण दिखाई दे रहे थे और उन्होंने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान कुष्ठ से ग्रेड 02 विकृति वाले कुल 7 मरीजों को जल-तेल उपचार विधि के माध्यम से उपचार की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क एमसीआर (माइक्रो सेल्यूलर रबर) चप्पल, टब और सेल्फ केयर किट प्रदान की गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को सेल्फ केयर किट के उपयोग और देखभाल की विधि विस्तार से समझाई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के डॉ. टिकेश्वर ध्रुव, डॉ. आनंद निर्मलकर, बीपीएम पंकज आड़ील, बीईटीओ प्रकाश भारती, एनएमए राजेंद्र कुमार गनबेर के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सक्रिय रूप से सेवा में उपस्थित रहे। इस शिविर से क्षेत्र के कुष्ठ पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ प्राप्त हुए और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय मार्गदर्शन व सहायक सामग्री मुहैया कराई गई।

# बारिश से महामाया की फसल पानी में डूबी, सरना में लगी बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- कटाई रुकी, रबी की तैयारी पर भी संकट

बीते दिनों करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पहले कम बारिश में जैसे-तैसे तैयार हुई फसल अब अक्टूबर की झमाझम में गिर गई। खेतों में महामाया, हरहुना और सरना किस्म के धान पानी में डूबी पड़ी हैं। महामाया धान के दाने सड़ने लगे हैं, वहीं सरना धान में माहू और फफूंद रोग का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

### सरना पर माहू का कब्जा

बारिश के बाद खेतों में लगातार बनी नमी और धूप की कमी ने कीट और रोगों को बढ़ावा दिया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय भूरा माहू, लीफ ब्लास्ट और फफूंद रोग तेजी से फैल रहे हैं। लेट वैरायटी धान, खासकर सरना, अब सबसे ज्यादा खतरे में है।

गिरी हुई फसल में हवा नहीं पहुंचती, नमी से दाने काले और फफूंदीदार हो जाते हैं। बारिश से कटाई करने वाले किसानों की मुसीबत और बढ़ गई है। खेतों में भरे पानी के कारण रीपर और हार्वेस्टर मशीनें फंस रही हैं। कृषि विभाग के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, धान की उपज में 30 से 40 प्रतिशत तक गिरावट हो सकती है। दाने का रंग फीका पड़ने से खरीद केंद्रों में अस्वीकृति का डर है। अगर आने वाले दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ, तो नुकसान 50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।



### दीपिका के व्यंजनों ने सबको लुभाया

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर हेल्दी फूड स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भोजन की समस्या, भूख, कुपोषण और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाना है जिसे ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हेल्दी फूड स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्पर्धा में तीनों संकाय के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए एवं उन्होंने अपने व्यंजनों के पोषक तत्वों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका, टेमेश्वरी, दिशा, नेहा, द्वितीय स्थान रेणुका, खिलेश्वरी, अंजली तथा तृतीय स्थान ज्ञानेश्वरी, शीतल, लक्ष्मी,दुर्गा ने प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन में अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत तकनीकी कौशल विकास की दिशा में सराहनीय पहल**

# एआई-एमएल पर इंटर्नशिप कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशानिर्देशों के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पीएम श्री योजनांतर्गत पीएम श्री सेजेस राठी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग तथा पाइथन प्रोग्रामिंग पर पाँच दिवसीय इंटर्नशिप कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 50 छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं। कुल 30 घंटे की अवधि वाले इस इंटर्नशिप सत्र के उपरांत नाईलिट भुवनेश्वर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक तोरण साहू एवं टिकेश्वर साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल अवधारणाओं, इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों और दैनिक जीवन में उपयोगिता के बारे में सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य के रोजगार, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के द्वार खोल रही है, जिससे विद्यार्थियों को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। यह कार्यशाला विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

कार्यक्रम का समन्वयन विद्यालय की जीवविज्ञान व्याख्याता स्मृति अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी ने इस आयोजन के लिए नाईलिट भुवनेश्वर, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर तथा कार्यक्रम समन्वयक श्री आशीष गौतम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाते हैं और उन्हें डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करते हैं।

